जिंदगी सवार दी तुमने हमारी

धुन- हम तो तेरे आशिक़ हैं

जिंदगी सवार दी, तुमने हमारी ll,
"साँवरे बिहारी, जय हो तुम्हारी ll"-ll

तुमसे मिलने से पहले साँवरे, ना कोई मंज़िल थी,
बड़ी मुश्किल में थी, ज़िंदगी हमारी l
जैसे कोई नाव बिन मांझी, चली जाती थी,
डगमगाती थी, जिंदगी हमारी l
*थाम पतवार बने, तुम श्याम मांझी ll,
"साँवरे बिहारी, जय हो तुम्हारी ll"

गम के अंधेरों ने श्याम मुझको, बहुत डराया था,
बहुत सताया था, याद है मुझको l
बेसुरे थे गीत ज़िंदगी के, अज़ब तराना था,
फिर भी गाना था, याद है मुझको l
*मिल गया संगीत मुझे, मिली धुन प्यारी ll,
"साँवरे बिहारी, जय हो तुम्हारी ll"

देखा एक ख्वाब श्याम मैंने, गीत गाऊँ मैं,
तुझको रिझाऊँ मैं, हो रहा जो पूरा l
क्यों ना करे नाज़ आज तुम पर, कौन तुझ सा है,
दिल यह कहता ,है कोई नहीं दूजा l
*सुन ले ना गीत मेरे, बाँके बिहारी ll,
"साँवरे बिहारी, जय हो तुम्हारी ll"

किस्मत से मेल हुआ अपना, दिल के फूल खिले,
विछड़े मीत मिले, साँवरे बिहारी l
हे दयालु दिल की है तमन्ना, साथ छूटे ना
किस्मत रूठे ना, साँवरे बिहारी l
*नंदू निभाना यूँ ही, रिश्ता मुरारी ll,
"साँवरे बिहारी, जय हो तुम्हारी ll"
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/21384/title/zindagi-sawar-di-tumne-humari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |